INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VII- 2nd Lang	Department: Hindi	Date of submission:
Revision worksheet no-12 Answers	Topic: व्याकरण भाग	Note: Pl File in portfolio

प्रश्न-1 दिए गए वाक्यों में से विशेषण शब्दों को रेखांकित कीजिए|

1. इस तेज़ धूप में घर से निकलना मुश्किल है।
2. मुझे लाल-लाल टमाटर बहुत पसंद हैं।
3. काले-काले बादलों को उमड़ते-घुमड़ते देख कृषक प्रसन्न हो उठे।
4. वह बालक तेजस्वी था।
5. आज माँ ने बड़ा लजीज़ भोजन बनाया है।
6. कई मुहल्लों की गलियाँ बच्चों के बिना सुनसान हो गईं।
7. वह लड़की बहुत शर्मीली है।
8. आलसी व्यक्ति जीवन में कभी सफल नहीं होते।
9. पीले-पीले रसीले आम देख लार टपकने लगी।
10. आम के पेड़ पर सौ चिड़ियाँ बैठी हैं|

प्रश्न-2 निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए:-

1. अशुद्ध रूप- रविवार के दिन तुम्हारे घर आऊँगा।

शुद्ध रूप- मैं रविवार को तुम्हारे घर आऊँगा।

2. अशुद्ध रूप- आठ बजने को दस मिनट है।

शुद्ध रूप- आठ बजने में दस मिनट है।

3. अशुद्ध रूप- मुझे बहुत आनंद आती है।

शुद्ध रूप- मुझे बहुत आनंद आता है।

4. अशुद्ध रूप- तेरी बात सुनते-सुनते कान पक गए।

शुद्ध रूप - तेरी बातें सुनते-सुनते कान पक गए।

5. अशुद्ध रूप- पेड़ों पर तोता बैठा है।

शुद्ध रूप- पेड़ पर तोता बैठा है।

6. अशुद्ध रूप- मैंने तेरे को कितना समझाया।

शुद्ध रूप - मैंने तुझे कितना समझाया|

7. अशुद्ध रूप- तुम क्या काम करता है?

शुद्ध रूप - तुम क्या काम करते हो?

8. अशुद्ध रूप- सारी रात भर मैं जागता रहा।

शुद्ध रूप - मैं सारी रात जागता रहा।

प्रश्न-3 निम्नलिखित मुहावरों को वाक्यों में प्रयोग कीजिए|

1. अंग-अंग ढीला होना (बहुत थक जाना)- पूरे दिन काम करते-करते अजय का अंग-अंग ढीला हो गया|
2. हाथ मलना (पछताना)- सोहन कल गलती करके हाथ मलता रह गया|
3. अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारना (संकट मोल लेना)- रोहन से झगड़ा करके राम ने अपने पैर पर कुल्हाड़ी मार ली|
4. गुदड़ी के लाल (गरीब के घर में गुणवान का जन्म)- लाल बहादुर शास्त्री गुदड़ी के लाल थे|
5. भानुमती का पिटारा (तरह-तरह की वस्तुएँ होना)- मेरी दादी जी की अलमारी भानुमती के पिटारे जैसी है|
6. दस्तक देना (खटखटाना) मैं हमेशा अपने पिता जी के कमरे में दस्तक दे कर जाता हूँ|
7. धावा बोलना (हमला करना)- जंगल में छिपे चोरों ने अचानक पुलिस दल पर हमला कर दिया|
8. पीठ थपथपाना (शाबाशी देना) परीक्षा में सफलता मिलने पर अध्यापिका जी ने मेरी पीठ थपथपाई|

प्रश्न 4- दिए गए शब्दों के पर्यायवाची लिखिए|

1. अग्नि- आग, अनल, पावक
2. जंगल- वन, कानन, विपिन
3. इच्छा- अभिलाषा, चाह, कामना
4. रात्रि – रात, रजनी, निशा
5. क्रोध- रोष, गुस्सा, आक्रोश
6. डर- खौफ, भय, दहशत

प्रश्न-5 दिए गए शब्दों के वर्ण विच्छेद कीजिए|

1- कथन = क् + अ + थ् + अ + न् + अ

2- नाना = न् + आ + न् + आ

3- दीवार = द् + ई + व् + आ + र् + अ

4- कहानी = क् + अ + ह् + आ + न् + ई

5- अनुमान = अ + न् + उ + म् + आ + न् + अ

6- दूर = द् + ऊ + र् + अ

7- अमृत = अ + म् + ऋ + त् + अ

8- बेकार = ब् + ए + क् + आ + र् + अ

9- तैयार = त् + ऐ + य् + आ + र् + अ

10- कोयला = क् + ओ + य् + अ +ल् + आ

11- सौभाग्य = स् + औ + भ् + आ + ग् + य् + अ

12- क्षमा = क् + ष् + अ + म् + आ

13- चित्र = च् + इ + त् + र् + अ

14- यज्ञ = य् + अ + ज् + ञ् + अ

15- श्रोता = श् + र् + ओ + त् + आ

16- भंडार = भ् + अं + ड् + आ + र् + अ

17- निबंध = न् + इ + ब् + अं + ध् + अ

18- टाँग = ट् + आँ + ग् + अ

19- चाँद = च् + आँ + द् + अ

20- हृदय- ह् + ऋ + द् + अ + य् + अ

प्रश्न-6- भाववाचक संज्ञा बदलिए -

भला - भलाई
पराया - परायापन
राष्ट्र - राष्ट्रीयता
सींचना - सिंचाई
बेईमान - बेईमानी
शांत - शांति
कमाना - कमाई
अपना - अपनापन/अपनत्व

प्रश्न-7- लिंग बदलिए -

मालिक -मालकिन

बुद्धिमान - बुद्धिमती
पंडित - पंडिताइन
वृद्ध - वृद्धा
विद्वान- विदुषी
शिष्य - शिष्या
अभिनेता - अभिनेत्री
पड़ोसी - पड़ोसिन

प्रश्न 8- नीचे दिए गए शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग करते हुए शब्दों का मानक रूप लिखिए –

अतर, अबर, चद्रमा, सघर्ष, सस्कार, अक, जगली, दगल, पकज, बजारा।

उत्तरः अंतर, अंबर, चंद्रमा, संघर्ष, संस्कार, अंक, जंगली, दंगल, पंकज, बंजारा।

प्रश्न 9- नीचे दिए गए शब्दों में उचित स्थान पर अनुनासिक का प्रयोग करके शब्दों को पुनः लिखिए|

हंसमुख, अंगड़ाई, आंचल, आंवला, आंधी, कांटा, चांदनी, आंसू, ऊंचाई, पहुंचना।

उत्तरः हँसमुख, अँगड़ाई, आँचल, आँवला, आँधी, काँटा, चाँदनी, आँसू, ऊँचाई पहुँचना।

प्रश्न-10 दिए गए उपसर्गों के दो-दो शब्द लिखिए -

1 अनु – अनुमान , अनुशासन
2 अप – अपमान , अपशब्द
3 अभि – अभिमान , अभिनय
4 अव – अवगुण , अवकाश
5 आ - आजीवन , आमरण
6 उप – उपनाम , उपदेश
7 प्र - प्रयोग , प्रबल
8 वि - विदेश , विनाश

प्रश्न-11 दिए गए प्रत्ययों के दो-दो शब्द लिखिए -

1 पन – बचपन , लड़कपन
2 दार – समझदार , दुकानदार
3 गर – बाज़ीगर , सौदागर
4 वान – धनवान , दयावान
5 आहट - कड़वाहट , चिकनाहट
6 इक – मौखिक , धार्मिक

7 आस - मिठास , खटास

8 ईन   - नमकीन , रंगीन

प्रश्न-12 वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए –

1- जिसको पराजित न किया जा सके – अपराजेय

2 - जिसकी सीमा न हो – असीम

3- जो दूसरों से ईर्ष्या करता हो – ईर्ष्यालु

4- जो कड़वे वचन बोलता हो – कटु भाषी

5 – श्रेष्ठ कुल में जन्म लेने वाला – कुलीन

&&&&&&&

खुश रहिए ! मुस्कराते रहिए ! स्वस्थ रहिए !